लोक सभा सचिवालय परिवार भारत के 130 करोड़ लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा कर रहा है : लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए लोक सभा कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री बिरला ने कहा कि लोक सभा सचिवालय परिवार भारत के 130 करोड़ लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में तत्पर है। सचिवालय की कार्य संस्कृति की सराहना करते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह कार्य संस्कृति दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी दक्षता में सुधार के लिए सूचना प्रौद्योगिकी को एक उपकरण के रूप में उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री बिरला ने दीपावली और छठ के पावन अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने ने उन अधिकारियों को भी याद किया जिन्होंने COVID-19 महामारी में अपनी जान गंवाई और कहा कि सचिवालय उनके परिवारों के साथ खड़ा रहेगा, यह कहते हुए कि मृतक कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को रोजगार प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

इस अवसर पर, लोकसभा कर्मचारी संघ ने दीपावली के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम "श्री राम भक्ति गाथा- एक नृत्य नाटक" का आयोजन किया था।